बिहार सरकार,
पर्यावरण एवं वन विभाग

# कार्यालय, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना।

## (कैम्पा एवं वन संरक्षण संभाग)

तृतीय तल, अरण्य भवन, शहीद पीर अली खाँ मार्ग, पटना–800 014

संख्या– FC-601

प्रेषक,

ए० के० पाण्डेय, भा०व०से०,
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),
बिहार, पटना।

सेवा में,

अपर महाप्रबंधक,
बिहार ग्रिड कम्पनी लिमिटेड,
बिहारशरीफ (नालंदा)।

पटना–14, दिनांक– 14/06/2017

विषय : नालंदा जिलान्तर्गत 132 KV S/C बिहारशरीफ (पुराना)–शेखपुरा (नया) पारेषण लाईन के निर्माण हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत 0.054 हे० वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के बदले NPV, CA एवं Dwarf Species की राशि जमा करने के संबंध में।

प्रसंग : इस कार्यालय का पत्रांक FC-1052 दिनांक 10.10.2017

महाशय,

प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयांकित परियोजना निर्माण के प्रस्ताव पर 0.054 हेक्टेयर वन भूमि के अपयोजन के प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति निम्नलिखित शर्तों के साथ प्रदान की है–

1. परियोजना निर्माण के क्रम में 0.054 हेक्टेयर अपयोजित होने वाली वन भूमि का NPV की राशि 6.26 लाख रूपये प्रति हेक्टेयर की दर से कुल रू० 33,804/– (रूपये तैतीस हजार आठ सौ चार) मात्र NPV के मद में प्रयोक्ता एजेन्सी, पर्यावरण एवं विभाग को उपलब्ध कराएगी।

2. सैद्धान्तिक स्वीकृति पत्र में अंकित शर्त्त संख्या–3 के आलोक में क्षतिपूरक वनीकरण हेतु प्राक्कलित राशि रू० 8,23,684/– (रूपये आठ लाख तैईस हजार छः सौ चौरासी) मात्र को प्रयोक्ता एजेंसी पर्यावरण एवं वन विभाग को उपलब्ध कराएगी।

3. **उपर्युक्त NPV एवं CA मद की कुल राशि रू० 8,57,488/– (रूपये आठ लाख उनचास हजार सनतावन) मात्र को को मंत्रालय के वेव–साईट forestclearance.nic.in से e-challan generate कर online Mode द्वारा फंड ट्रांस्फर कराया जाय।**

4. उक्त जमा की गयी राशि को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन मंत्रालय, के e-portal पर प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा साथ ही साथ जमा की गयी राशि की सूचना हेतु इस कार्यालय को e-challan की मूल प्रति दी जाय।

5. सैद्धान्तिक स्वीकृति पत्र में अंकित शर्त्त संख्या–7 के आलोक में औषधी पौधें (बौनी प्रजाती) के रोपण हेतु रू० 4,85,515 /– (रूपये चार लाख पचासी हजार पाँच सौ पन्द्रह) मात्र को प्रयोक्ता एजेंसी पर्यावरण एवं वन विभाग को उपलब्ध कराएगी।

6. उपर्युक्त कुल राशि रू० 4,85,515/– (रूपये चार लाख पचासी हजार पाँच सौ पन्द्रह) मात्र को **Union Bank of India, RajaBazar, Patna IFSC Code UBIN0545325, BIHAR CAMPA FUND (OTHER SOURCES) A/C No. SB 453202010057398** में **RTGS/NEFT Mode** द्वारा फंड ट्रांस्फर कर जमा कराया जाय एवं जमा की गयी राशि की सूचना इस कार्यालय को संबंधित बैंक द्वारा प्रदत्त **UTR No.** एवं दिनांक की मूलप्रति के साथ दी जाय।

उपर्युक्त के अतिरिक्त प्रसंगाधीन पत्र में उल्लिखित कंडिका 1 से 19 में अधिरोपित शर्त्तों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए समेकित प्रतिवेदन इस कार्यालय को यथाशीघ्र समर्पित करने कि कृपा की जाय ताकि विषयाधीन प्रस्ताव पर अन्तिम स्वीकृति प्रदान करने की कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन,

13/06/18

(ए० के० पाण्डेय)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कैम्पा)
–सह–नोडल पदाधिकारी (वन संरक्षण),
बिहार, पटना।